प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज अजमेर में राज्यस्तरीय **किसान सम्मेलन** हो रहा है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश के 70 लाख से ज्यादा किसानों को 700 करोड़ रूपये की सम्मान निधि जारी कर रहे है। समारोह में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, ऊंट संरक्षण तथा एक हजार दूध संकलन केन्द्रों सहित अन्य योजनाओं का भी शुभारम्भ करेंगे। अन्य जिलों में भी आज जिलास्तरीय किसान सम्मेलन हो रहे है। भीलवाडा में हो रहे सम्मेलन में किसानों को आधुनिक नवाचार से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों का भी सम्मान किया जा रहा है। अलवर में किसान सम्मेलन का आयोजन प्रताप ऑडिटोरियम में, बाडमेर में महावीर टाउन हॉल में और बालोतरा का किसान सम्मेलन सिवाना में किया जा रहा है। वहीं सवाईमाधोपुर में किसान सम्मेलन के साथ ऊष्ट्र रोग निदान और उपचार शिविर भी लगाया गया है। कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर जिलों में राज्य सरकार की उपलब्धियां दर्शाती विकास प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही है।

00000

जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में महिला उद्यमियों की अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस हो रही है। एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से फेडरेशन ऑफ इंडियन विमिन एंटरप्रेन्योर्स की ओर से इसका आयोजन हो रहा है। कल से शुरू हुई दो दिन की इस कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर की 300 प्रतिनिधि हिस्सा ले रही है। उधर लोकसभा में आज बताया गया कि देश में यूएपी पर 2 करोड़ 21 लाख महिला–स्वामित्व वाली एमएसएमई पंजीकृत हुई हैं। ये रजिस्ट्रेशन 1 जुलाई, 2020 से 30 नवंबर, 2024 के बीच उद्यम पंजीकरण पोर्टल–यूआरपी और उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म पर हुआ है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने एक लिखित उत्तर में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने एमएसएमई में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए देश में कई पहल की है।

00000

राज्य में पीएम कुसुम योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को गति मिल रही है। योजना के तहत कल बहरोड़–कोटपूतली जिले के बानसूर सब डिवीजन क्षेत्र में एक साथ दो सोलर प्लांट स्थापित किए गए। कुल 5 दशमलव 26 मेगावाट क्षमता के इन प्लांट्स से बालावास तथा भूपसेड़ा ग्रिड सब स्टेशन से जुड़े करीब साढे पांच सौ किसानों को दिन में बिजली मिल सकेगी।

00000

लोकसभा में आज संविधान पर दो दिन की चर्चा शुरू हुई। भारतीय संविधान की स्वीकृति के 75वें वर्ष के अवसर पर ये विमर्श हो रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान न्याय, स्वतंत्रता, बंधुता, एकता और नागरिकों की गरिमा सुरक्षित रखने का रोडमेप है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की चर्चा पर कल अपना मत रखेंगे।

**00000**

राष्ट्र 23 साल पहले 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले में जान गॅवाने वाले सैनिकों और शहीदों को याद कर रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसदों ने आज संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। इधर प्रदेश में भी संसद भवन पर हुए आतंकी हमले में प्राण न्योछावर करने वालों को श्रद्धाजंलि अर्पित की जा रही है। इस अवसर पर नीम का थाना के जे पी पार्क में कार्यक्रम हुआ।

00000

उदयपुर में आज से राष्ट्रीय नाट्य समारोह की शुरूआत हो रही है। संस्कृति मंत्रालय और राज्य के कला संस्कृति विभाग के सहयोग से हो रहे इस तीन दिवसीय उत्सव में नाटकों के मंचन के साथ रंग संवाद सत्र भी होंगे। इसमें नाट्य के साथ साहित्य, संगीत, नृत्य और चित्रकला को भी मंच प्रदान किया जाएगा।

00000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर अतिशीतलहर और कहीं–कहीं शीतलहर दर्ज की गई। सीकर के फतेहपुर में आज लगातार तीसरे दिन पारा माईनस में रहा। माउंटआबू में 1 दशमलव 4, चूरू में 3 दशमलव 1, करौली में 3 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। इसके अलावा हनुमानगढ़ के संगरिया, बारां के अंता, जालौर, सीकर, अलवर, पिलानी और चित्तौडगढ में भी न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। भीलवाडा, पाली, जैसलमेर, बालोतरा और सवाईमाधोपुर में भी सर्दी के तेवर तीखे बने हुए है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले दो–तीन दिन कई जगह शीतलहर के हालात जारी रहने की संभावना जताई है।

00000